# SVEEP (स्वीप)

### Systematic Voter’s Education and Electoral Participation

दिनांक 8/9/2022 को अंतराष्ट्रीय साक्षरता दिवस के अवसर पर “ चुनावी साक्षरता जरूरी क्यों” विषय पर निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई। छात्राओं को जागरूक करने के लिए मतदान संबंधित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. संजय भार्गव ने लोकतंत्र में युवाओं की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए निर्भिक और निष्पक्ष होकर अपने मताधिकार का प्रयोग कर लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए प्रेरित किया।

प्रतियोगिता के माध्यम से नवमतदाताओं को किया जागरूक

-एपी

नवज्योति/कोटा। जेडीबी साइंस कॉलेज में गुरुवार को अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस के मौके पर चुनावी साक्षरता जरूरी क्यो, विषय पर निबंध प्रतियोगिता हुई। जिसमें छात्राओं ने उत्साह से भाग लिया। स्वीप प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. जयश्री डावरे ने प्रतियोगिता के माध्यम से छात्राओं को जागरूक किया। इस दौरान प्राचार्य संजय भार्गव ने लोकतंत्र में युवाओं की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि 18 वर्ष पूर्ण कर चुके नवमतदाता निष्पक्ष व निर्भिक होकर मताधिकार का उपयोग करे। इससे हम सही जनप्रतिनिधि का चयन कर लोकतंत्र को मजबूत बना सके।

दैनिक भास्कर कोटा, शुक्रवार, 9 सितंबर, 2022

**जेडीबी:** कोटा जेडीबी कॉलेज में चुनावी साक्षरता जरूरी क्यों पर निबंध प्रतियोगिता हुई। प्राचार्य संजय भार्गव ने बताया कि युवाओं को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने पर मतदान करना चाहिए। इस दौरान प्रभारी डॉ जयश्री डायरे मौजूद रहे।

प्राचार्य